# खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है | by Amit Kalra Meetu

देख के ज़माना मुझे जल रहा है
खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है
दिल के सभी को यही खल रहा है
खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है
जय जय श्री श्याम.........

चलेगा भई चलेगा ये साथ तेरे चलेगा

मान मुझे छोटा कभी पास ना बिठाया
अपनों ने कर दिया मुझको पराया
मेरी तक़दीर को बदल रहा है
खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है
देख के ज़माना.........

दांव कई खेले पर दाल ना गली है
मुझपे किसी की कोई चाल ना चली है
बैठा बैठा हाथ वहीँ मल रहा है
खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है
देख के ज़माना.........

चलेगा भई चलेगा ये साथ तेरे चलेगा

सांवरे से मांगू यही मुझे ना भुलाना
तेरे ही भरोसे बाबा तेरा ये दीवाना
लाड में सचिन तेरे पल रहा है
खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है
देख के ज़माना.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b2-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%b9/